अध्यक्ष डीटर एफ. उकडार्फ द्वारा
प्रथम अध्यक्षता में द्वितीय सलाहकार

सकोंची प्रचारक के लिए एक शब्द

यीशु मसीह के शिष्यों के पास उसके सुसमाचार को विश्व में ले जाने का दायित्व हमेशा रहता है (देखें मरकुस 16:15–16) । फिर भी, कभी-कभी हमारे लिए अपना मुंह खोलना और हमारे विश्वास के विषय में आस-पास के लोगों को बताना कठिन होता है । जबकि गिरजे के कुछ सदस्यों के पास दूसरों से धर्म के विषय में बात करने का प्राकृतिक उपहार होता है, कुछ लोग ऐसा करने में हिचकते हैं या वे अजीब सा महसूस करते हैं, उन्हें शर्म आती है, या ऐसा करने से डरते भी हैं ।

इसे दूर करने के लिए, मैं चार बातों का सुझाव देना चाहूंगा जिससे कोई भी ''सब लोगों को'' सुसमाचार को सीखाने के लिए उद्धारकर्ता के अधिकार का अनुसरण कर सकता है (सिऔरअनु 58:64) ।

ज्योति बनें

मेरा पंसदीदा उद्धरण आसीसी के संत फ्रांसिस का है, जो कहता है, ''हर समय सुसमाचार का प्रचार करें और यदि आवश्यक हो, तो शब्दों का प्रयोग करें ।''[1] इस उद्धरण में एक बात स्पष्ट है कि अक्सर सबसे शक्तिशाली उपदेश बोले नहीं जाते हैं ।

जब हमारे पास निष्ठा होती है और हम अपने आदर्शों के अनुसार जीते हैं, लोग ध्यान देतें हैं । जब हमसे आनंद और सुख का प्रकाश फैलता है, तो वे अधिक ध्यान देते हैं ।

हर कोई सुखी होना चाहता है । जब हम गिरजे के सदस्य सुसमाचार की ज्योति फैलाते हैं, लोग हमारी खुशियों को देखते हैं और हमारे जीवन में परमेश्वर के प्रेम को भरे हुए और निकलते हुए देख सकते हैं । वे कारण जानना चाहते हैं । वे रहस्य को समझना चाहते हैं ।

इस से वे ये प्रश्न पूछ सकते हैं, जैसे, ''आप इतने खुश क्यों हैं ?'' या ''आपके पास क्यों हमेशा सकारात्मक नजरिया क्यों होता है ?'' इन प्रश्नों के जवाब, अवश्य ही, यीशु मसीह के पुनास्थापित सुसमाचार के विषय की बातचीत की ओर ले जाते हैं ।

बातचीत करें

धर्म के विषय को लाना—विशेषकर अपने मित्रों और प्रियजनों के बीच—भयभीत करने वाला और चुनौतीपूर्ण लग सकता है । इसे ऐसा नहीं होना चाहिए । आत्मिक अनुभवों या गिरजे की गतिविधियों या घटनाओं को बताना सरल और अच्छा लगने वाला हो सकता है यदि हम थोड़ा साहस और समझ से काम लें ।

मेरी पत्नी, हेरियट, इसका एक अच्छा उदाहरण है । जब हम जर्मनी में रहते थे, वह मित्रों और जान-पहचान वालों से अपनी बातचीत में गिरजे से संबंधित विषयों पर चर्चा करने के तरीके खोजती थी । उदाहरण के लिए, जब कोई उससे उसके सप्ताहांत के विषय में पूछता था, वह कहती थी, ''इस रविवार को हमें अपने गिरजे में प्रभावशाली अनुभव हुआ था ! 16 साल के युवा ने 200 लोगों के सामने बहुत शुद्ध जीवन जीने के संबंध में सुंदर वार्ता दी थी ।'' या, ''मुझे 90 साल की एक स्त्री के बारे पता चला जिसने 500 कंबल बुने और दुनियाभर में जरूरतमंद लोगों को बांटे जाने के लिए गिरजे के परोपकारी कार्यक्रम में दान दिए थे ।''

बहुत बार, लोग जो इसे सुनते थे वे अधिक जानना चाहते थे । वे प्रश्न पूछते थे । और इससे सुसमाचार के विषय में स्वाभाविक, निडर, सरल होकर, बातें करने के अवसर मिलते थे ।

इंटरनेट और सामाजिक मिडिया के आने के साथ, इन विषयों के बारे में बातें करना आज पहले से अधिक सरल है । हमें केवल ऐसा करने के लिए साहस की जरूरत होती है ।

शिष्टता से भरे रहें

दुर्भाग्य से, असहमत होना बहुत आसान है । यह बहुत बार होता है कि हम विवाद करते, नीचा दिखाते और निंदा करते हैं । जब हम लोगों के साथ गुस्सा करते, अभद्र होते, या ठेस पहुंचाते हैं,

वे हमारे बारे में अधिक नहीं जानना चाहेंगे । यह जानना असंभव है कि कितने लोग गिरजे को छोड़कर चले गए हैं या कभी शामिल नहीं हुए हैं क्योंकि किसी ने कुछ ऐसा कहा जिसने उन्हें ठेस पहुंचाई या बुरी लगी ।

आज विश्व में बहुत कटुता है । इंटरनेट की गुमनामी के कराण, ओन-लाइन विषैली या कटु बातें कहना पहले से बहुत आसान हो गया है । क्या हम, सभ्य मसीह के आशावादी शिष्यों के पास, अधिक उच्च, अधिक उपकारी आदर्श नहीं होने चाहिए ? धर्मशास्त्र सीखाते हैं, ''तुम्हारा वचन सदा अनुग्रह सहित और सलोना हो, कि तुम्हें हर मनुष्य को उचित रीति से उत्तर देना आ जाए'' (कुलुस्सियों 4:6) ।

हमारे शब्दों का खुले आसमान के समान साफ और शिष्टता से भरे हुए होने का विचार मुझे अच्छा लगता है । क्या आप कल्पना कर सकते हैं हमारे परिवार, वार्ड, राष्ट्र, और यहां तक की विश्व कैसा होगा यदि हम इस सरल सिद्धांत को अपना लेते हैं ?

विश्वास से भरे रहें

कई बार हम अपने ऊपर बहुत श्रेय ले लेते हैं या बहुत दोष लगाते हैं जब दूसरों के सुसमाचार को स्वीकार करने की बात आती है । यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि प्रभु हमसे परिवर्तन करने की आशा नहीं करता है ।

परिवर्तन हमारे शब्दों से नहीं होता है लेकिन पवित्र आत्मा की स्वर्गीय सेवकाई से होता है । कभी-कभी हमारी गवाही या किसी अनुभव का मात्र एक वाक्य हृदय को कोमल करने या द्वार को खोलने के लिए तैयार करता है जो दूसरों को आत्मा की प्रेरणा से उत्कृष्ट सच्चाइयों का अनुभव करने की ओर ले जाती है ।

अध्यक्ष बिंग्रम यंग (1801–77) ने कहा था वह जानते थे सुसमाचार सच्चा था जब उन्होंने ''एक व्यक्ति को लोगों के बीच बोलने की शक्ति या योग्यता के बिना, सिर्फ इतना बोल पाया था, 'मैं पवित्र आत्मा की शक्ति से जानता हूं, कि मॉरमन की पुस्तक सच्ची है, कि जोसफ स्मिथ प्रभु के भविष्यवक्ता हैं ।'' अध्यक्ष यंग ने कहा जब उन्होंने उस विनम्र गवाही को सुना, ''उस व्यक्ति में कार्य कर रही पवित्र आत्मा ने मेरी समझ को उजागर किया, और ज्योति, महिमा, और नश्वरता मेरे सम्मुख थे ।''[2]

भाइयों और बहनों, विश्वास रखें । प्रभु उन शब्दों को स्पष्ट कर सकता है जो आप बोलते हैं और उन्हें शक्तिशाली बनाता है । परमेश्वर आपको परिवर्तन करने के लिए नहीं बल्कि अपना मुंह खोलने के लिए कहता है । परिवर्तन करने का कार्य आपका नहीं है—यह कार्य सुनने वाले व्यक्ति और पवित्र आत्मा का है ।

हर सदस्य प्रचारक

मेरे प्रिय मित्रों, आज हमारे पास अपना मुंह खोलने और दूसरों के साथ यीशु मसीह के आनंदायक सुसमाचार के संदशों को बांटने के लिए कई तरीके हैं । प्रत्येक के लिए एक तरीका है—यहां तक की संकोची प्रचारक के लिए भी—इस महान कार्य में भाग लेने का एक तरीका है । हम से प्रत्येक अपनी विशेष योग्यताओं और रूचियों को उपयोग करके विश्व को प्रकाश और सच्चाई से भरने के महान कार्य में सर्मथन दे सकता है । जब हम ऐसा करते हैं, हमें वह आनंद मिलेगा जो ''हर समय परमेश्वर के गवाहों के रूप में खड़े होने'' के लिए पर्याप्तरूप से विश्वासी और सहासी हैं (मूसायाह 18:9) ।

विवरण

1. St. Francis of Assisi, in William Fay and Linda Evans Shepherd, *Share Jesus without Fear* (1999), 22 ।
2. *Teachings of Presidents of the Church: Brigham Young* (1997), 67 ।

इस संदेश से शिक्षा

सीखाने का एक प्रभावशाली तरीका ''जिन्हें आप सीखाते हैं ... उन्हें लक्ष्य बनाना सीखाएं जो उन्हें उन सिद्धांतों को जीने में मदद करेंगे जो आपने सीखाए हैं'' (*Teaching, No Greater Call* [1999], 159) । जिन्हें आप सीखाते हैं प्रार्थनापूर्वक इस महिने एक या अधिक लोगों से सुसमाचार बांटने का लक्ष्य बनाने के लिए कहें । माता-पिता उन तरीकों की चर्चा कर सकते हैं जो छोटे बच्चों की मदद कर सकते हैं । आप भी परिवार के सदस्यों को विचार करने या भूमिका अदा करने में मदद कर सकते हैं जिससे नियमित बातचीत में सुसमाचार की बात करना और गिरजे की आने वाली गतिविधियों के विषय में सोचें जिसमें वे किसी मित्र को निमंत्रण दे सकते हैं ।

युवा

एक मित्र के साथ बांटना

एडरीना वासक्वेज द्वारा

एक दिन जब अपनी धर्म प्रशिक्षालय कक्षा में अध्ययन कर रही थी, मुझे एक सुंदर और अलग से अनुभूति हुई । जब मैं अगले दिन के पाठ को पढ़ रही थी, मैंने स्कूल की अपनी एक मित्र के चेहरे को देखा और यह गहरा एहसास हुआ कि मुझे अपनी गवाही उसके साथ बांटनी चाहिए ।

इस अनुभव की स्पष्टता के बावजूद, मैं भयभीत थी । मुझे चिंता थी कि मेरी मित्र शायद अस्वीकार कर दे, क्योंकि वह उस प्रकार की लड़की नहीं लगती थी जो गिरजे में शामिल होने में रूचि रखती थी ।

मैंने युवतियों की जनरल अध्यक्षता की बहन मेरी एन. कुक की वार्ता पर विचार किया जिसमें उन्होंने कड़ी मेहनत करने और साहसी बनने की चुनौती दी थी ।[1] मैं ऐसी ही बनना चाहती थी, इसलिए मैंने इस लड़की को एक पत्र लिखा और गिरजे की सच्चाइयों और मॉरमन की पुस्तक के प्रति अपने प्रेम की गवाही दी । अगले दिन मैंने मॉरमन की पुस्तक की एक प्रति, अपने पत्र के साथ उसके बैग में डाल दी ।

मुझे आश्चर्य हुआ, मेरी मित्र ने सहर्ष सुसमाचार को स्वीकार किया । उस दिन के बाद से, वह मुझे बताती है कि उसने अपने मॉरमन की पुस्तक के अध्ययन में क्या सीखा था । कुछ हफ्ते बाद,

मैंने उसका परिचय प्रचारकों से कराया । लगभग तुरंत ही, उसे पवित्र आत्मा से पुष्टि मिली कि जो वह सीख रही थी वह सच था । प्रचारक और मैं रो पड़े जब उसने अपनी अनुभूतियों को हमें बताया था । मेरी मित्र ने जल्द ही बपतिस्मा ले लिया, और उसके माता पिता उसके अंदर आए परिवर्तन से आश्चर्यचकित थे ।

मैं बहुत खुश थी कि मैं अपने डर से उभर पाई थी और उसके जीवन में सुसमाचार को लाने में मदद की थी ।

विवरण

1. देखें Mary N. Cook, "Never, Never, Never Give Up!" *Liahona*, मई 2010, 117–19 ।

बच्चे

मैं दूसरों के लिए ज्योति बन सकती हूं

अध्यक्ष उकडोर्फ कहते हैं कि दूसरों के लिए ज्योति बनने के लिए, हमारे शब्द ''साफ आकाश की धूप के समान और अनुग्रह से भरे होने चाहिए ।'' हमारे शब्द आनंदायक, ईमानदार, और दयालु होने चाहिए । दूसरों के लिए ज्योति बनने के लिए आप क्या कर सकते या कह सकते हैं ? अपनी दैनिकी में पांच अच्छी बातों को लिख सकते हैं जो आप परिवार के सदस्यों या मित्रों को कहने की योजना बना रहे हैं ।

© 2013 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/12 । अनुवाद अनुमतिः 6/12 । *First Presidency Message, February 2013* का अनुवाद । Hindi । 10662 294

प्रभु में परिवर्तित

कृपया प्रार्थनापूर्वक इस सामाग्री को पढ़ें और, जैसा उचित हो, उन बहनों के साथ इसकी चर्चा करें जिन से आप भेंट करती हैं । अपनी बहनों को मजबूत करने और सहायता संस्था को अपने जीवन का सक्रिय हिस्सा बनाने में मदद के लिए प्रश्नों का प्रयोग करें । अधिक सूचना के लिए reliefsociety.lds.org पर जाएं ।

विश्वास, परिवार, सहायता

सहायता संस्था मुहर

गिरजे की नई बहनें—युवतियां जो सहायता संस्था में प्रवेश कर रही हैं, बहनें जो सक्रिय हो रही हैं, और नई परिवर्तित बहनों को—भेंट करने वाली शिक्षिकाओं के समर्थन और मित्रता की जरूरत होती है । ''परिवर्तित को रोके रखने और कम सक्रिय सदस्यों को पूर्ण सक्रियता में वापस लाने में सदस्य का योगदान महत्वपूर्ण है,'' बारह प्रेरितों की परिषद के एल्डर एम. रसल बलार्ड ने कहा था । ''उस दर्शन को प्राप्त करें कि सहायता संस्था ... गिरजे में मित्रता करने के शक्तिशाली श्रोतों में से एक बन सकती है । उनके पास आरंभ से ही पहुंचे जिन्हें सीखाया जा रहा है और पुनः सक्रिय किया जा रहा है, और अपने संगठन के द्वारा उन्हें गिरजे में प्यार दें ।''[1]

सहायता संस्था की सदस्याओं के रूप में, हम नए सदस्यों को गिरजे की मूलभूत बातों सीखने में मदद कर सकती हैं, जैसेः

- वार्ता देना ।
- गवाही देना ।
- उपवास के नियम का पालन करना ।
- दसमांश और अन्य भेंटे देना ।
- पारिवारिक इतिहास कार्य में भाग लेना ।
- उनके मृत पूर्वजों के लिए बपतिस्मा और पुष्टिकरण करना ।

''नए सदस्यों को गिरजे में सहज महसूस करने और स्वागत किए जाने के लिए सर्तक मित्रों की जरूरत होती है,'' एल्डर बलार्ड ने कहा था ।[2] हम सभी को, लेकिन विशेषरूप से भेंट करने वाली शिक्षिकाओं, के पास नए सदस्यों के साथ मित्रता स्थापित करके ''प्रभु में मजबूत परिवर्तित'' बनने में मदद करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं (अलमा 23:6) ।

धर्मशास्त्रों से

2 नफी 31:19–20; मोरोनी 6:4

हमारे इतिहास से

अध्यक्ष गोडर्न बी. हिंकली (1910–2008) ने कहा था, ''लगातार-बढ़ रहे परिवर्तितों की संख्या के साथ, हमें उनकी बहुत अधिक मदद करने का प्रयास करना चाहिए जब वे अपने मार्ग खोज करते हैं । उनमें से प्रत्येक को तीन चीजों की जरूरत होती हैः एक मित्र, एक जिम्मेदारी, और परमेश्वर के 'अच्छे वचन का पोषण' (मोरोनी 6:4) ।''[3]

भेंट करने वाली शिक्षिकाएं जिनकी देखभाल करती हैं उनकी मदद करने की स्थिति में होती हैं । मित्रता अक्सर पहले आती है, जैसा कि एक युवा सहायता संस्था की बहन के लिए हुआ था जो कि उम्र में बड़ी बहन की भेंट करने वाली शिक्षिका थी । वे मित्रता कायम करने में धीमे थी जब तक उन्होंने एक सफाई के कार्य में मिलकर काम नहीं किया था । वे मित्र बन गई, और जब वे भेंट करने वाले शिक्षा संदेश के विषय में बात करती थी, वे दोनों ही ''परमेश्वर के अच्छे वचन'' के द्वारा पोषण प्राप्त करती थी ।

अध्यक्ष जोसफ फिल्डींग स्मिथ (1876–1972) ने कहा था, ''सहायता संस्था इसके विश्वासी सदस्यों को हमारे पिता के राज्य में अनंत जीवन प्राप्त करने में मदद के लिए ... पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है ।''[4]

विवरण

1. M. Russell Ballard, "Members Are the Key," *Liahona,* सितंबर 2000, 18 ।
2. M. Russell Ballard, *Liahona,* सितंबर 2000, 17 ।
3. Gordon B. Hinckley, "Every Convert Is Precious," *Liahona,* फरवरी 1999, 9 ।
4. Joseph Fielding Smith, in *Daughters in My Kingdom: The History and Work of Relief Society* (2011), 97 ।

मैं क्या कर सकती हूं ?

1. क्या मैं अपने साथी के लिए प्रार्थना करती और पूछती हूं कि आत्मा हमारे मार्गदर्शन करे जब हम अपनी बहनों की सेवा करती हैं ?

2. दूसरों की देखभाल करने में हम किस तरीके से एक दूसरे की सेवा करती हैं जिससे वह जान सके कि हम सचमुच में उसकी चिंता करते हैं ?

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/12 । अनुवाद अनुमतिः 6/12 । *Visiting Teaching Message, February 2013* का अनुवाद । Hindi । 10662 294